क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473001

Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक /1827/ परीक्षा CUET/गोप. /क्रा.ता.वि. /2026 **गुना, दिनांक 25/03/2026**

// स्नातकोत्तर प्रवेश पात्रता परीक्षा संशोधित अधिसूचना //

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 में मेजर / माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को इच्छित विषय में CUET-PG परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इस हेतु क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये विश्वविद्यालय में संचालित निम्नलिखित स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु अधिसूचना निम्नानुसार घोषित की जाती है :-

स्नातकोत्तर प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण				
कक्षाओं के नाम अन्य विवरण		**प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु सामान्य वर्ग (GEN.) के छात्रों के लिये शुल्क**	**प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) / EWS वर्ग के छात्रों के लिये शुल्क**	**प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु अन्य अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के छात्रों के लिये शुल्क**
स्नातकोत्तर कला संकाय (M.A.):- अर्थशास्त्र , अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र । **स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय (M.Sc.) / स्नातकोत्तर वाणिज्य संकाय (M.Com.):-** जैव प्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित, भौतिकी, प्राणी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं एम.कॉम. ।	**प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्क**	800/-	600/-	400/-
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ तिथि	**21/02/2026**			
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि	**28.03.2026**			
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जांचोपरांत विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**30.03.2026**			

// आवश्यक निर्देश//

1. यह पात्रता परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिये है जो स्नातक स्तर पर अध्ययन किए गए मेजर / माइनर विषय से भिन्न विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लेना चाहते है।
2. स्नातक उपाधि प्राप्त अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु पात्र होंगे ।
3. परीक्षा ऑफलाइन (पेन-पेपर) माध्यम से आयोजित की जाएगी।
4. परीक्षा का माध्यम हिंदी/ अंग्रेजी रहेगा (विषय अनुसार)
5. **परीक्षा दिनांक 30 मार्च 2026 को (दोपहर 01:00 बजे से 04:00 बजे तक) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना म.प्र. के परिसर में आयोजित की जायेगी ।**
6. प्रवेश मेरिट के आधार पर विश्वविद्यालय / उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार किया जाएगा ।
7. छात्र MP Online Portal से अपना फार्म भरकर सबमिट करें, आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाईन हैं ।

// आवश्यक दस्तावेज //

1. प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति ।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल की अंकसूची) ।
3. (10+2) Marksheet अंकसूची ।
4. स्नातक की प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व-प्रमाणित ।
5. Migration Certificate (प्रवजन प्रमाण –पत्र) । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा अन्य राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
6. Eligibility Certificate (अर्हता प्रमाण –पत्र), मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
7. *Gap Certificate. (अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अंतराल रहा है।)
8. छात्र की समग्र आईडी ।

(प्रो.ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना (म.प्र.)

प्रतिलिपि -

1. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निज सहायक, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
4. उप-कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (परीक्षा) क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
5. प्राचार्य समस्त संबंधित महाविद्यालय, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र गुना ।
6. नामांकन शाखा, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय ,गुना।
7. विभागाध्यक्ष/निर्देशिक/समन्वयक, समस्त अध्ययनशाला, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
8. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना ।
9. प्रभारी, आई.टी. सेल, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
10. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।

(डॉ. प्रभात चौधरी)
परीक्षा नियंत्रक
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)